प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.03.2025 समय : 09:00 ए.एम.

......................

- केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024–25 के लिए प्रमुख कृषि फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया।

- विधानसभा में उद्योग विभाग की 11 अरब 96 करोड रूपये से ज्यादा की अनुदान मांगे ध्वनिमत से पारित।

- राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2023 के साक्षात्कार 21 अप्रेल से शुरू होंगे।

- नागौर में दो सड़क हादसों में सात लोगों की मौत–कई अन्य घायल।

......................

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2024–25 के लिए प्रमुख कृषि फसलों के उत्पादन का दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है। इसमें खरीफ फसलों का उत्पादन लगभग एक हजार 664 लाख मीट्रिक टन और रबी फसल का उत्पादन एक हजार 645 लाख मीट्रिक टन से अधिक रहने का अनुमान है। खरीफ फसलों में धान का उत्पादन एक हजार 206 लाख मीट्रिक टन से अधिक का अनुमान है। दलहन में तुअर–अरहर का उत्पादन 35 लाख 11 हज़ार और चने का उत्पादन 115 लाख 35 हज़ार मीट्रिक टन रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है।
केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रमुख फसलों के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि केंद्र सरकार कृषि क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि मंत्रालय विभिन्न योजनाओं द्वारा किसानों को सहायता और प्रोत्साहन प्रदान कर रहा है जिससे कृषि उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है।

......................

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज करौली के दौरे पर रहेंगे। वे कलक्ट्रेट सभागार में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। श्री बागडे केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी भी लेंगे। इससे पहले कल राज्यपाल भरतपुर के दौरे पर रहे। उन्होंने वहां भी कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक की। केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि योजनाओं का उद्वेश्य अन्तिम छोर तक प्रत्येक पात्र व्यक्ति को बिना किसी रूकावट के लाभ पहुंचाना है जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। उन्होंने सभी विभागों को योजनाओं की प्रगति के लिये टीम भावना के साथ काम करते हुये समन्यवित प्रयास करने के निर्देश दिये। किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करते हुये राज्यपाल ने कहा कि लम्बित कृषि कनेक्शन जल्द जारी किये जायें। राज्यपाल ने भरतपुर बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में भी भाग लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अधिवक्ता न्याय के लिये समर्पित भाव से काम कर अपनी बात प्रभावी रूप से रखें। उन्होंने सुलभ और शीघ्र न्याय की अवधारणा पर काम करने पर जोर दिया ताकि आमजन का न्याय और न्यायपालिका पर विश्वास बढे।

......................

राज्य विधानसभा में कल उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की 11 अरब 96 करोड़ रूपए से ज्यादा की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित की गई। विभाग की अनुदान मांगों पर हुई बहस का जवाब देते हुए उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने के साथ–साथ एमओयू को धरातल पर उतारने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि नई नीतियां लाकर हर क्षेत्र में निवेश को सरल एवं सुविधाजनक बनाया गया है। सदन में आज सहकारिता विभाग और खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामलात विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी। विधानसभा की कार्यवाही आज प्रश्नकाल से शुरू होगी। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से जुड़े विभिन्न विभागों, चिकित्सा, संसदीय कार्य, पशुपालन और डेयरी तथा वन विभाग से संबंधित प्रश्नों के जवाब सदन में दिए जाएंगे। इसके अलावा, सदन में आज विभिन्न अधिसूचनाएं और वार्षिक प्रतिवेदन रखे जाएंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी वित्त विभाग से जुड़ी एक अधिसूचना भी पेश करेंगी।

.......................

पाली में आयोजित किये जा रहे पर्यावरण उत्सव के दूसरे दिन आज नागालैण्ड और मिजोरम सहित विभिन्न देशो से आये पर्यावरण संरक्षण कमेटी के सदस्य चार सत्रों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर चर्चा करेंगे। पहले दिन कल संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण संरक्षण कमेटी के सदस्य, पर्यावरण और शिक्षाविद् सोनम वागचूक ने जल जमीन और जंगल को वेस्ट प्लास्टिक से हो रहे नुकसान से बचाने के लिए बच्चो को पर्यावरण सरक्षण को लेकर जागरूक किया। वन्य प्राणियों को बचाने को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कमेटी की ही सदस्य और फिल्म अभिनेत्री दिया मिर्ज़ा ने पर्यावरण को बचाने का आमजन से आह्वान किया।

.......................

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा–2023 के साक्षात्कार 21 अप्रेल से शुरू किए जाएंगे। आयोग सचिव ने बताया कि कुल 972 पदों के लिए ये साक्षात्कार होंगे। उन्होंने बताया कि इस भर्ती के अन्तर्गत प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम में सफल रहे 19 हजार 355 अभ्यर्थियों की मुख्य परीक्षा 20 और 21 जुलाई 2024 को आयोजित की गई थी और परिणाम दो जनवरी 2025 को जारी हुआ था। इसमें 2 हजार 168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया था। इन अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन अब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। इस संबंध में और अधिक जानकारी आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है।

.......................

प्रदेश में होली पर्व को लेकर उत्साह चरम पर है। विभिन्न स्थानों पर फाग के आयोजनों के साथ ही मंदिरों में भजन कीर्तन के कार्यक्रम भी हो रहे है। होली पर्व के साथ ही वीकेंड की छुट्टी होने के कारण विभिन्न स्थानों से पर्यटक राज्य के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों पर पंहुच रहे है। हमारे जयपुर संवाददाता ने बताया कि खासा कोठी में पर्यटन विभाग की ओर से धुलंडी महोत्सव का आयोजन भी किया जायेगा, जिसमें काफी संख्या में देशी विदेशी पर्यटक भाग लेंगे।

.......................

उधर हनुमानगढ में फागुन एकादशी पर कल जिलेभर में रात्रि जागरण का कार्यक्रम हुआ। इसमें ढप बजाकर राजस्थानी गीतों पर नृत्य किया गया। वहीं बालोतरा में भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोग टोली बनाकर फाग गीतों का आनंद ले रहे है।

.......................

नागौर जिले में पिछले 24 घंटों में दो सड़क हादसो में सात लोगों की मौत हो गई। एक हादसा कल देर रात बीकानेर रोड पर बाराणी के पास हुआ, जहां अनियंत्रित होकर कार के पलटने से चार

लोगों की मौत हो गई, हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरा हादसा आज सुबह डेह के आगे लाडनूं रोड पर हुआ, जहां एक स्लीपर बस पलट गई। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर उनका उपचार करवाया जा रहा है।

......................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' 30 मार्च को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले इस कार्यक्रम की ये 120वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता, अपने सुझाव 28 मार्च तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। 1922 नम्बर पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। इसके अलावा नरेंद्र मोदी एप और माई जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

......................